कार्यालय प्राचार्य, शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय
डोंगरगढ़, जिला राजनांदगाँव (छ.ग.)

E- mail ID – collegedgg@gmail.com , Website – www.gnpgcollege.in ☎: 07823-296011
Accredited by NAAC with Grade "B+" (CGPA – 2.61)

डोंगरगढ़, दिनांक :– 10/07/2024

//सूचना//

"विकसित छत्तीसगढ़–मेरे सपनों का खुशहाल छत्तीसगढ़"

विषय पर निबंध प्रतियोगिता

महाविद्यालय के **समस्त सहायक प्राध्यापकों व छात्र–छात्राओं** को सूचित किया जाता है कि माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार के **अमृतकाल भारत @2047** के आव्हान एवं राज्य शासन द्वारा अमृतकाल–छत्तीसगढ़ विजन@2047 विजन के अनुक्रम में **"विकसित छत्तीसगढ़–मेरे सपनों का खुशहाल छत्तीसगढ़"** विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन **दिनांक 18/07/2024 तक** किया जाना है।

उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक सहायक प्राध्यापक एवं छात्र–छात्राएं **दिनांक** 18/07/2024 तक सुस्पष्ट निबंध लिखकर महाविद्यालय में श्री ओ.पी. वर्मा (सहायक प्राध्यापक –रसायनशास्त्र) के पास अनिवार्य रूप से जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

टीप :–

1. प्राप्त निबंध का महाविद्यालय स्तर पर गठित निबंध मूल्यांकन समिति द्वारा मूल्यांकन कर तीन सर्वश्रेष्ठ निबंध को अग्रणी महाविद्यालय में भेजा जायेगा।
2. निबंध ए–4 साइज पेपर में हस्तलिखित/टाईप कर जमा किया जा सकता है।
3. निबंध हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा में मान्य होगा।
4. निबंध की अधिकतम शब्द सीमा 1500 से 2500 शब्द निर्धारित है।

संलग्न :– निबंध हेतु मार्गदर्शिका।

डॉ. (श्रीमती) ई.व्ही. रेवती
प्रभारी प्राचार्य
शास. नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय
डोंगरगढ़ जिला–राजनांदगाँव(छ.ग.)

:: निबंध हेतु मार्गदर्शिका ::

विषय : विकसित छत्तीसगढ़, मेरे सपने का खुशहाल छत्तीसगढ़।

शब्द सीमा : 1500 से 2500 शब्द।

भाषा : हिन्दी अथवा अंग्रेजी।

सामान्य मार्गदर्शिका : निबंध की संरचना में छत्तीसगढ़ की वर्तमान स्थिति का मूल्यांकन, छत्तीसगढ़ के सामर्थ्य व कमजोरियों को समाहित किया जाना चाहिए। समृद्ध व समावेशी राज्य के रूप में कल्पना और इस हेतु लेखक का दृष्किोण का वर्णन शामिल हो, जिसमें राज्य का औद्योगिक विकास, कृषि वानिकी में सुधार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा कौशल विकास, गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य व पोषण, बुनियादी ढांचे में सुधार, सामाजिक समावेशन और सुशासन जैसे पहलूओं का विशेष उल्लेख हो। वर्ष 2047 तक लक्ष्य पाने के लिए व्यवहारिक व अभिनव सामाधान का भी उल्लेख निबंध में हो। रचना मौलिक व व्यवहारिक हो।

प्रस्तुत करने का माध्यम :

1. निबंध हस्तलिखित प्रारूप में भी स्वीकार किये जायेंगे। किन्तु मूल्यांकन की सुविधा की दृष्टि से प्रतिभागियों से अनुरोध रहेगा कि कंप्यूटर से टाईप करवाकर प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर एवं स्वयं के नाम के साथ प्रस्तुत करें।
2. उपरोक्त निबंध प्रतिभागीगण सुविधानुसार महाविद्यालय अथवा महाविद्यालय परिसर से बाहर बैठकर लिख सकते हैं। किन्तु महाविद्यालय द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि/समय के पूर्व उक्त निबंध लिखकर महाविद्यालय में जमा करके पावती प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
3. अंतिम तिथि/समय के बाद जमा की गई प्रविष्टियों का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।

मूल्यांकन हेतु मापदण्ड : मूल्यांकन कम से कम 03 विशेषज्ञों के पैनल द्वारा किया जाए एवं मूल्यांकन करते समय निम्न का विशेष ध्यान रखा जाए।

- प्रासंगिकता।
- वर्तमान स्थिति का आंकलन–छत्तीसगढ़ के वर्तमान स्थिति, सामर्थ्य व कमजोरियों का सूक्ष्म विश्लेषण।
- अभिनव दृष्टिकोण का नवाचार।
- अभिनव दृष्टिकोण व व्यवहारिक व समाधान।
- स्पष्ट व सुसंगता– निबंध की तार्किक संरचना, सुसंगता व प्रवाह।
- भाषा व प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण।

पात्रता : प्रदेश में संचालित शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में कार्यरत समस्त स्टाफ एवं प्रवेशित विद्यार्थीगण।

प्रचार–प्रसार : उपरोक्त मार्गदर्शिका की प्रतियां महाविद्यालय में विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शित करके सभी स्टाफ एवं अधिकतम विद्यार्थियों को सूचित करें। इसके अलावा क्लास रूम में घोषणा अथवा बैठकों के माध्यम से भी प्रचार–प्रसार किया जावे।

प्रविष्टियां जमा करने की अंतिम तिथि :
महाविद्यालय स्तर पर – 18.07.2024
अग्रणी महाविद्यालय स्तर पर – 20.07.2024
उच्च शिक्षा संचालनालय, रायपुर स्तर पर – 23.07.2024

मूल्यांकन समिति का गठन

- सभी शासकीय महाविद्यालय में एक मूल्यांकन समिति का गठन किया जाये। जिसमें 03 सदस्य क्रमशः कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय से रखे जायें।
- अग्रणी महाविद्यालयों में 02 मूल्यांकन समिति होगी। एक महाविद्यालय स्तर निबंधों के मूल्यांकन हेतु और दूसरा सभी महाविद्यालयों से प्राप्त निबंधों के मूल्यांकन हेतु।
- दोनों समितियों के सदस्य पृथक–पृथक रखे जायेंगे।
- समिति में उन प्राध्यापक/सहायक प्राध्यापकों को नहीं रखा जायेगा जो निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रतिभागी होंगे।

8/7